कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.11.2022

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में

सेक्टर स्तरीय महिला शतरंज प्रतियोगिता

शासकीय डॉ. वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा सेक्टर स्तरीय अंतर्महाविद्यालयीन दो दिवसीय महिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि माननीय श्री अरूण वोरा, विधायक दुर्ग शहर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर के महापौर श्री धीरज बाकलीवाल एवं विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा एवं श्री कमल रूंगटा जी थे।

श्री अरूण वोरा जी एवं धीरज बाकलीवाल ने शतरंज की चाल चलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में कुल दस टीमों ने हिस्सा लिया, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय महाविद्यालय थानखम्हरिया, मैत्री कॉलेज भिलाई, शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा, महिला महाविद्यालय सेक्टर–9, स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको, शासकीय महाविद्यालय बेरला की कुल 45 खिलाड़ी छात्राओं ने हिस्सा जिया।

प्रतियोगिता 5 चक्र में खेली गई प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग की टीम विजेता रही एवं उपविजेता शैल देवी महाविद्यालय अण्डा की टीम एवं कन्या महाविद्यालय, दुर्ग तीसरे स्थान पर रही।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी के हाथों सम्पन्न हुआ एवं अपने उद्बोधन में कहा कि अपनी जीत को बरकरार रखते हुए पढ़ाई को भी गति प्रदान करें ताकि एक सुनहरे भविष्य के प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक थी श्रीमती अर्चना षडंगी, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक श्री गिरधर देशमुख, श्री गोविन्द देशमुख, डॉ. डी.सी.अग्रवाल, श्री लक्ष्मेद्र कुलदीप, श्री एम. एम. तिवारी, श्री मोहित साव, सुश्री प्रतीक्षा थाटे एवं अन्य क्रीड़ाधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी ने किया किया एवं आभार प्रदर्शन श्री जागृत ठाकुर ने दिया। प्रतियोगिता के आयोजन में श्री बल्ला वैष्णव, श्री विनोद ठाकुर एवं श्री चन्द्रहास बेंदरे ने विशेष सहयोग किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)